


नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च 2026


# तीन गैस एजेंसी, 11 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

## एसडीएम ने कहा- वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में घरेलू गैस, पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध

**बेगमगंज, 12 मार्च. अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध के चलते एकाएक रसोई गैस की किल्लत बढ़ने की आशंका के मद्देनजर तहसील तीन एलपीजी गैस एजेंसियों के 44035 घरेलू कनेक्शनधारी एवं 67 कमर्शियल कनेक्शनधारी उपभोक्ताओं में घबराहट फैल गई है.**

वहीं नगर की अधिकांश चाय - नाश्ते की दुकान संचालकों को कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से दुकानें बंद होने से लोग चाय - नाश्ते को तरस रहे हैं.

गुरुवार को एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी सोनाली गुप्ता, थानाप्रभारी राजीव उइके एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा बेगमगंज, सुल्तानगंज एवं सुनवाहा में संचालित तीन एलपीजी गैस एजेंसी एवं 11 पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया.





बेगमगंज की एकमात्र वर्धमान गैस एजेंसी पर पिछले तीन दिन से भारी भीड़ हो रही है. जबकि सुल्तानगंज में इंडेन ग्रामीण वितरक एलपीजी गैस एजेंसी पर भी भीड़ देखने को मिली लेकिन सुनवाहा में इंडेन ग्रामीण वितरक एलपीजी गैस एजेंसी पर बहुत कम लोग पहुंच रहे हैं. सुल्तानगंज एवं सुनवाहा में एलपीजी की खपत कम होने का राज दोनों क्षेत्रों में जलाऊ लकड़ी की बाहुल्यता होना बताया गया है.

उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए पेट्रोलियम कंपनी द्वारा जो नंबर जारी किया गया है, उस नम्बर पर बुकिंग स्वीकृत नहीं हो रही है . जिसके कारण सैकड़ो उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं.

बेगमगंज में तो एक सिलेंडर के लिए लोग सुबह से ही कतार में लग जाते हैं और चिलचिलाती धूप में नम्बर लगाने को बाध्य हैं. वहीं कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने के कारण बिक्री पूरी तरह बंद हो गई है जबकि घरेलू सिलेंडर उपलब्ध होने से अभी तक इमरजेंसी की स्थिति नहीं बनी है. लेकिन युद्ध के चलते गैस की उपलब्धता नहीं होने की आशंका के चलते उपभोक्ताओं में गैस सिलेंडर भरवाकर रखने की होड़ लगी हुई है. इसीलिए बेगमगंज की एकमात्र वर्धमान गैस एजेंसी पर नंबर लगाने के लिए सुबह से ही लंबी - लंबी कतारे लग रही है.

वर्धमान गैस एजेंसी बेगमगंज में घरेलू एलपीजी 26539 कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं कमर्शियल उपभोक्ता कनेक्शनधारी 64 हैं. जबकि सुल्तानगंज गैस एजेंसी पर घरेलू उपभोक्ता कनेक्शन 16890 है एवं कमर्शियल 3 कनेक्शन हैं ओर सुनवाहा गैस एजेंसी पर घरेलू कनेक्शन 606 एवं कमर्शियल कनेक्शन एक भी नहीं है. बेगमगंज में गैस एजेंसी पर सौरभ मिश्रा द्वारा औचक निरीक्षण किए जाने के बाद संचालक को निर्देशित किया कि केवल कमर्शियल गैस सिलेंडर की बिक्री को छोड़कर घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाए. इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

> उपभोक्ताओं के लिए इंडियन गैस मिस्ड कॉल बुकिंग नंबर 845495555 जारी किया गया है. जिस पर उपभोक्ता मिस्डकॉल देकर बुकिंग कर सकते हैं. एसडीएम सौरभ मिश्रा ने बताया कि शासन- प्रशासन के निर्देशानुसार सभी गैस एजेंसी के गोदाम एवं पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर स्टॉक चेक किया गया. वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ मौजूद है. अभी किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है. जरूरत के मुताबिक सभी उपभोक्ताओं को गैस, डीजल एवं पेट्रोल उपलब्ध हो रहा है.

इसके अतिरिक्त एसडीएम सौरभ मिश्रा एसडीओपी सोनाली गुप्ता एवं थाना प्रभारी राजीव उइके के द्वारा नगर के 5 पेट्रोल पंप का निरीक्षण कर डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता जांची और संचालकों को निर्देशित किया कि किसी प्रकार की उपभोक्ताओं को कमी नहीं आने दें, बल्कि दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट पहने पेट्रोल ना दें.

इसके पश्चात सुल्तानगंज की दो गैस एजेंसी एवं चार पेट्रोल पंप एवं हफसीलि के एक पेट्रोल पंप का भी औचक निरीक्षण किया. सभी पेट्रोल पंपों पर डीजल एवं पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में होना बताया गया. फिर भी सभी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि ध्यान रहे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कोई कमी ना आए . वर्धमान गैस एजेंसी संचालक संतोष जैन ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं को अपने नंबर पर केवाईसी अपडेट करवा लेना चाहिए . बुकिंग होते ही सिलेंडर आपके घर पर पहुंचेगा. उस समय एजेंसी के कर्मचारी को उपभोक्ता के लिए डीएसी ओटीपी कोड देना होगा. बिना केवाईसी के सिलेंडर नहीं मिलेगा .



# सोशल मीडिया की अफवाह का असर, पेट्रोल पंपों पर भीड़

**सिलवानी, 12 मार्च. नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में पेट्रोल को लेकर फैली अफवाह के कारण गुरुवार को पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली. अफवाहों के चलते बड़ी संख्या में लोग डिब्बा और बोतल लेकर पेट्रोल पंपों पर पहुंचने लगे, जिससे पंपों पर लंबी कतारें लग गईं और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा.**

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया और आपसी चर्चाओं के माध्यम से यह खबर फैल गई कि पेट्रोल की कमी होने वाली है. इसी वजह से लोग एहतियात के तौर पर पहले से ही पेट्रोल जमा करने के लिए पंपों पर पहुंचने लगे. कई लोग अपने दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ-साथ डिब्बों और बोतलों में भी पेट्रोल भरवाते नजर आए. अचानक बढ़ी भीड़ के कारण पंपों पर अव्यवस्था जैसी स्थिति बन गई और लोगों को लंबे समय तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा.स्थानीय लोगों का कहना है कि अफवाह फैलने के बाद अचानक पेट्रोल पंपों पर भीड़ बढ़ गई, जिससे सामान्य रूप से पेट्रोल भरवाने आने वाले लोगों को भी काफी देर तक इंतजार करना पड़ा. इस संबंध में एसडीएम हर्षल चौधरी ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है. उन्होंने स्पष्ट किया कि पेट्रोल की कोई कमी नहीं है और पेट्रोल पंपों पर नियमित रूप से आपूर्ति हो रही है. एसडीएम ने कहा कि लोग बेवजह घबराकर पेट्रोल जमा करने की कोशिश न करें, इससे अनावश्यक भीड़ और परेशानी बढ़ती है. प्रशासन ने नागरिकों से शांति बनाए रखने अफवाहों पर विश्वास न करने की अपील की है.

# पपीता लेकर यूपी जा रहे चलते ट्रक में लगी आग

- बाल-बाल बचे ड्राइवर और क्लीनर
- बेरखेड़ी चौराहे पर देर रात की घटना

**सलामतपुर, 12 मार्च. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे18 पर बीती देर रात उस समय अफरा तफरी का माहौल बन गया. जब एक चलते हुए ट्रक में आग लग गई. वो तो गनीमत रही कि ट्रक ड्राइवर और क्लीनर ने समय रहते अपनी जान बचा ली वरना बड़ा हादसा हो सकता था. जानकारी मिलते ही सलामतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया.**



### शादी समारोह की आतिशबाजी से लगी थी

बुधवार 11 मार्च को मुहूर्त होने की वजह से काफी शादी समारोह आयोजित हो रहे थे . ऐसी आशंका जताई जा रही है कि ट्रक के तिरपाल में शादी समारोह की आतिशबाजी से आग लग सकती है . क्योंकि ड्राइवर आकाश ने बताया कि उसे भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर कई बारात लगी हुई मिली थीं . जिसमें बड़े स्तर पर आतिशबाजी कर पटाखे और रंगीन रॉकेट वगैरह सड़क पर ही चलाए जा रहे थे . बहरहाल इस मामले में ट्रक ड्राइवर द्वारा किसी भी तरह की कोई शिकायत थाने में नहीं की गई है .

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि बीती देर रात हाइवे के बेरखेड़ी चौराहे पर शहादा महाराष्ट्र से अशोक लीलैंड ट्रक आरजे11 जीडी 1303 जो पपीता भरकर बनारस उत्तर प्रदेश जा रहा था. अचानक चलते हुए ट्रक में पपीतों के ऊपर ढकी तिरपाल में आग लग गई. जिससे ट्रक ड्राइवर आकाश ब्राह्मण पिता सखाराम उम्र 32 निवासी जुलवानिया जिला बड़वानी और साथ में मौजूद क्लीनर घबरा गए और ट्रक रोक कर तत्काल ग्रामीणों से मदद मांगी. इस दौरान सलामतपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों की मदद से आग बुझा दी गई. आगजनी की घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नही हुई.

# मण्डीदीप आईटीआई में अप्रेंटिशिप मेला 16 को

**रायसेन, 12 मार्च. जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था मण्डीदीप में 16 मार्च को सुबह 10.30 बजे अप्रेंटिशिप मेला, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत स्पेशल ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों के लिए रोजगार के अवसर एनएपीएस और एमएमएसकेवाय योजना अंतर्गत प्रदाय किए जाएंगे.**

इस अप्रेंटिशिप मेले में पीएण्डजी प्रा.लि. मंडीदीप, एचईजी प्रालि मण्डीदीप, वेल्सपन कॉर्प जमुनिया रायसेन, सागर मैन्युफेक्चर प्रालि तामोट, टीएएफई मोटर्स एण्ड ट्रेक्टर्स मण्डीदीप, बंसल ओआरई मेटल्स प्रालि मंडीदीप, कॉम्प्टन ग्रेव्स मण्डीदीप, सेवियर केप्स प्रालि मण्डीदीप तथा वॉल्वो आयशर सीवी बगरोदा भोपाल आदि सहभागिता करेगीं तथा विभिन्न पदों के लिए चयन किया जाएगा. इस अप्रेंटिशिप मेले में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत स्पेशल ड्राइव का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें वॉल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल भोपाल द्वारा सहभागिता की जाएगी तथा लगभग 50 पदों के लिए प्रदेश के युवाओं का चयन किया जाएगा. जिले के 12वीं कक्षा उत्तीर्ण, आईटीआई उत्तीर्ण फिटर, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक व्हीकल युवा इसमें सहभागिता कर सकते हैं.

# मध्यप्रदेश से एकमात्र गांव जनकपुर का चयन

## स्मार्ट विलेज परियोजना : कलेक्टर ने जनकपुर पहुंचकर ली बैठक

**रायसेन, 12 मार्च. वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा 'विकसित भारत @ 2047' के तहत 'स्मार्ट विलेज' परियोजना के अंतर्गत रायसेन जिले के जनकपुर गांव का चयन किया गया है. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा गुरुवार को बाड़ी विकासखण्ड के चयनित जनकपुर पहुंचकर परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई. बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता और सीएसआईआर के वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे.**





कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि सीएसआईआर द्वारा स्मार्ट विलेज परियोजना के तहत देश के कुल 06 गांवों का चयन किया गया है, जिसमें जनकपुर गांव भी शामिल है. उन्होंने कहा कि जनकपुर गांव, मध्यप्रदेश का एकमात्र गांव है जिसका चयन स्मार्ट विलेज परियोजना के लिए किया गया है. इस परियोजना के तहत जनकपुर में जीवन स्तर सुधारने, आजीविका बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी तकनीक का उपयोग किया जाएगा. सीएसआईआर-केन्द्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रूड़की को इस मिशन के लिए नोडल संस्था नामित किया गया है जो चयनित गांवों में प्रौद्योगिकी के उपयोग के लिए जिम्मेदार है. वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा जनकपुर गांव को प्रयोगशालाओं, केन्द्र और राज्य सरकार तथा संबंधित हितधारकों का नेटवर्क मिलाकर एक मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा.

# न्यायालयों में कल लगेगी नेशनल लोक अदालत

**रायसेन, 12 मार्च. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 14 मार्च को वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय रायसेन एवं समस्त तहसील न्यायालयों में किया जाएगा.**

जिला मुख्यालय रायसेन में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ सुबह 10.30 बजे जिला न्यायालय के सभागृह में किया जाएगा. नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर/बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामलें जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व प्रकरण, दीवानी तथा राजीनामा योग्य, प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा.

# बेगमगंज में धूमधाम से मनाई भगवान आदिनाथ की जयंती

**बेगमगंज, 12 मार्च. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ( ऋषभदेव ) जी की जयंती पर जैन समाज द्वारा त्रिमूर्ति मंदिर हदाईपुर से उनकी शोभायात्रा निकल गई जो नगर के मुख्य मार्ग से वापस मंदिर पहुंची और यहां विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद उनका अभिषेक किया गया.**

दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार जैन प्रिंस ने बताया कि आज जैन समाज के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ ( ऋषभदेव ) जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई.

शोभायात्रा नगर के हदाईपुर मोहल्ला स्थित त्रिमूर्ति दिगंबर जैन समाज मंदिर से चांदी की पालकी में सवार होकर उनकी शोभायात्रा डीजे , बैंडबाजों के साथ भजन कीर्तन करते हुए सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा निकाली गई.



शोभायात्रा जैन मंदिर हदाईपुर से नया बस स्टैंड , महाराणा प्रताप रोड , गांधी बाजार , कबीट चौराहा होकर बड़ा दिगंबर जैन मंदिर पहुंची .

यहां से पुनः गांधी बाजार , पुराना बस स्टैंड होकर सागर रोड स्थित अजय जैन अज्जू पार्षद के निवास के सामने से होकर वापस त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर हदाईपुर पहुंची. इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं द्वारा भगवान आदिनाथ का विधि विधान से पूजन के साथ अभिषेक किया गया.



# एसडीएम ने गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण

**गैरतगंज, 12 मार्च. रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश पर गुरुवार को एसडीएम अंकित जैन एवं तहसीलदार नरेश राजपूत, थाना प्रभारी डीपी लोहिया के द्वारा गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया. एसडीएम ने देवनगर गैस गोदाम का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टॉक रजिस्टर की जांच की और सिलेंडरों की उपलब्धता का जायजा लिया.**

एसडीएम ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में घरेलू गैस का पर्याप्त भंडारण मौजूद है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है. तो वही तहसीलदार नरेश राजपूत और थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने संयुक्त रूप से हरदौट गैस गोदाम का निरीक्षण किया, प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे गैस की कमी के संबंध में फैल रही अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान न दें.

एसडीएम ने कड़े लहजे में चेतावनी दी कि यदि कोई भी वितरक कालाबाजारी या निर्धारित दर से अधिक वसूली करते पाया गया, तो उसका लाइसेंस निरस्त कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन की टीम बाजार पर निरंतर नजर बनाए हुए है.

**वन संरक्षण** ▶ पड़ान में बैठक कर वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा पर हुई चर्चा

# वन सुरक्षा समिति के माध्यम से सदस्यों को किया जागरूक

**सिलवानी 12 मार्च. वन मण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल रायसेन प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन में उप वन मण्डल अधिकारी ( सामान्य ) इन्दर सिंह बारे तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सिलवानी महेन्द्र कुमार पालेचा की उपस्थिति में वन सुरक्षा समिति पड़ान की बैठक पड़ान चौकी पर आयोजित की गई. बैठक में समिति कार्यकारिणी सदस्यों एवं वनों पर आश्रित होकर जीविकोपार्जन करने वाले ग्रामीणों को वन संरक्षण और शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया.**



बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष नसीम उद्दीन काजी ने की. बैठक में चर्चा के दौरान सिलवानी के उपनगर पड़ान से लगे वन क्षेत्रों में जैविक दबाव कम करने, अवैध कटाई पर नियंत्रण, वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा वनों पर निर्भर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जोड़कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया. वन अधिकारियों ने बताया कि वनों पर निर्भर परिवारों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं. साथ ही वन अग्नि से सुरक्षा एवं बचाव के उपायों, महुआ संग्रहण की सही विधि तथा मई माह में होने वाले तेन्दूपत्ता संग्रहण से पहले शाखा कर्तन के लाभ के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई. उप वनमण्डलाधिकारी इन्दर सिंह बारे ने बैठक में मौजूद लोगों को वनों के महत्व और उनके नष्ट होने से जनजीवन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया. उन्होंने आश्वासन दिया कि वन विभाग द्वारा पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा.

> वन मण्डलाधिकारी रायसेन प्रतिभा शुक्ला की विशेष पहल पर वन विभाग द्वारा बेरोजगार सदस्यों की सूची भी तैयार की जा रही है, ताकि उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर वनों पर निर्भरता कम की जा सके. बैठक में वन सुरक्षा समिति पड़ान के सचिव हरनारायण सिंह, परिक्षेत्र सहायक डुंगरिया पश्चिम अखिलेश रजक, कार्यवाहक वनपाल कमलेश तिवारी, वन रक्षक जोखना बसूनिया, अजय राठौर सहित समिति के कार्यकारिणी सदस्य और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

# जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज

**रायसेन, 12 मार्च.** रायसेन जिले के अचल सम्पत्ति (भूखण्ड/कृषि भूमि) के बाजार मूल्य निर्धारण हेतु प्रस्तावित गाइडलाइन वर्ष 2026-27 की दरों के निर्धारण हेतु जिला मूल्यांकन समिति जिला रायसेन की बैठक 13 मार्च 2026 को शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है. समिति के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए कहा गया है.